This question paper contains 8 printed pages]

आपका अनुक्रमांक ....................

# 228

## B.A. (Programme)/I J

## HINDI LANGUAGE (B) – Paper I

## हिन्दी भाषा (ख) – प्रश्न-पत्र I

**(प्रवेश-वर्ष 2004 / 2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए / NCWEB के विद्यार्थियों के लिए)**

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**टिप्पणी :** प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं । तथापि ये अंक, NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **8 + 8 = 16**

(क) कितना सुंदर चिह्न अपने आत्मगौरव का ! कितनी अनमोल क्यारी आत्माभिमान को पल्लवित करने के लिए । अपनी की हुई भूलों को सुधार लेना, अपने दुराशय से पूरित भावों के लिए सिहर उठना, अपने दुष्कृत्यों पर पश्चात्ताप करना कितना मधुमय है । अभीष्ट धर्म में

पश्चात्ताप की बड़ी महिमा गाई गई है । रोमन कैथोलिक धर्म की नींव इसी अनुताप की तप्त शिला पर है । शब्द में ही कितनी पवित्रता है । 'पश्चात्ताप', 'अनुताप' यह शब्द कितना ऊँचा उठाने वाला है । इसके शाब्दिक अर्थ ही में वह गहनता है जिस पर विचार करने से आत्मा को आनन्द लाभ होता है ।

(i) 'रोमन कैथोलिक धर्म की नींव इसी अनुताप की तप्त शिला पर है ।' – कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ii) 'अनुताप' **अथवा** 'पश्चात्ताप' से क्या अभिप्राय है ?

(iii) पश्चात्ताप के क्या लाभ हैं ?

(iv) पाठ और पाठ के रचनाकार का नाम लिखिए ।

(ख) कुटज के ये सुंदर फूल बहुत बुरे तो नहीं हैं । जो कालिदास के काम आया हो, उसे ज्यादा इज्जत मिलनी चाहिए । मिली कम है । पर इज्जत तो नसीब की बात है । रहीम को मैं बड़े आदर के साथ स्मरण करता हूँ । दरिया-दिल आदमी थे, पाया सो लुटाया । लेकिन दुनिया है कि मतलब से मतलब है, रस चूस लेती है, छिलका और गुठली फेंक देती है । सुना है, रस चूस लेने के बाद रहीम को भी फेंक दिया गया था । एक बादशाह ने आदर के साथ बुलाया, दूसरे ने फेंक दिया ! हुआ ही करता है । इससे रहीम का मोल घट नहीं जाता ।

(i) 'कुटज' किस शैली का निबंध है ?

(ii) 'कुटज' व्यक्ति को क्या शिक्षा देता है ?

(iii) 'लेकिन दुनिया है कि मतलब से मतलब है, रस चूस लेती है, छिलका और गुठली फेंक देती है ।'

– कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(iv) रहीम कौन थे और लेखक उन्हें बड़े आदर के साथ क्यों स्मरण करते हैं ?

(ग) किसी भी कलाकृति, फिल्म या नाटक को किस तरह देखा जाए यह सवाल बराबर खड़ा होता है । और इसमें यह निहित है कि देखने का ढंग महत्त्वपूर्ण चीज है । क्योंकि यह ढंग ही कलाकृति के बहुत से अभिप्राय प्रकट कर सकता है । लेकिन 'देखना' क्या कलाकृति के संदर्भ में ही महत्त्वपूर्ण है ? नहीं, बिल्कुल नहीं । वह दैनन्दिन जीवन में भी महत्त्वपूर्ण है और देखने के विशेष ढंग के बिना हम अपना काम नहीं चला सकते । सच पूछें, तो, दैनन्दिन जीवन का देखना ही तो कलाकृति को देखने के संदर्भ में और विकसित होता है ।

(i) पाठ और पाठ के रचनाकार का नाम लिखिए ।

(ii) दैनन्दिन जीवन में भी देखने के विशेष ढंग से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

(iii) गहराई से 'देखने' को लेखक ने महत्त्वपूर्ण क्यों माना है ?

(iv) "'देखना' क्या कलाकृति के संदर्भ में ही महत्त्वपूर्ण है ?" – कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

2. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **8**

(i) भूलों को छिपाना किन दो अर्थों में हानिकारक है ?
(अनुताप की महिमा)

(ii) सहकारी आंदोलन के क्या-क्या लाभ हो सकते हैं ?
(जन-शिक्षा)

(iii) 'कुट' शब्द से बनने वाले दो शब्द बताइए । (कुटज)

(iv) 'नादान दोस्त' से क्या तात्पर्य है ?
(शुभकामना : एक जीवन तत्त्व)

(v) रंगभेद की पीड़ा को गांधीजी ने किस हद तक झेला था ?
(बर्बरता और संस्कृति)

(vi) भारत की किन्हीं चार प्रसिद्ध नदियों के नाम लिखिए ।

(फिर उसी नर्मदा मैया की जय)

(vii) अकबरी चेतना से क्या अभिप्राय है ?

(सन्त सीकरी में व्यस्त हैं)

3. 'परख' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **10**

(i) जीवन के प्रति सत्यधन ने क्या आदर्श निश्चित किया ?

(ii) कश्मीर-यात्रा के दौरान सत्यधन कट्टो के विषय में क्या सोचता है ?

(iii) जब सत्यधन ने कट्टो के विषय में चर्चा शुरू की तो बिहारी की उस पर क्या प्रतिक्रिया थी ?

(iv) बिहारी के मन में कट्टो के प्रति क्या भाव था ?

(v) 'सत्य को अब ज़मीन पर हिसाब-किताब के साथ चलने की अक्ल सूझी है ।' लेखक ने यह बात सत्यधन के लिए क्यों कही ?

(vi) मूर्च्छित कट्टो को जब होश आया तो उसने बिहारी बाबू से क्या कहा ?

(vii) दिल्ली पहुँच कर बिहारी ने सबसे पहला काम क्या किया ?

**अथवा**

'दस तस्वीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) शिशिर भादुड़ी को अभिनय की प्रेरणा किससे प्राप्त हुई ?

(मतवाला कलाकार : शिशिर भादुड़ी)

(ii) लेखक ने पब्लिक स्कूल के किन दोषों की ओर संकेत किया है ? नेतरहाट स्कूल इन दोषों से कैसे दूर रहा ?
(आस्थावान अंग्रेज शिक्षक : एफ.जी.पीयर्स)

(iii) घोष चित्रों में कैसे दिखाई देते थे और मिलने पर लेखक को कैसे दिखाई दिए ?
(विराट स्वर का विधायक : पन्नालाल घोष)

(iv) 'वह अफसर भी थे और सिपाही भी' लेखक के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।
(किशोर जीवन की मुस्कान ही जिसकी साधना थी : श्रीराम वाजपेयी)

(v) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा के जीवन के अंतिम वर्षों में क्या उत्कट अभिलाषा थी ?
(एक जन्मजात चक्रवर्ती : सच्चिदानंद सिन्हा)

(vi) सुधीन्द्र बाबू ने जीविका–निर्वाह के लिए साहित्य को एकमात्र साधन क्यों नहीं बनाया ?
(दृष्टा, कर्ता और कवि : सुधीन्द्र दत्त)

(vii) स्कूल के शासन संबंधी मामलों में पिताजी ने क्या नवीन प्रयोग किए ?
(मेरे पिता : लक्ष्मीनारायण माथुर)

4. (क) किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : 4

(i) सादा जीवन उच्च विचार ;

(ii) खोदा पहाड़ निकली चुहिया ;

(iii) लालच बुरी बला ।

**अथवा**

कार्यालयी हिन्दी में किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए ? स्पष्ट कीजिए ।

(ख) निम्नलिखित अनुच्छेद का शीर्षक बताते हुए संक्षेपण कीजिए : 4

भारत की सबसे बड़ी समस्या गंदी राजनीति है । आज की राजनीति धर्म और जाति की रह गई है । इस कारण सभी नेता पार्टी के नेता बनकर रह गए हैं । देश का नेता कोई नहीं रह गया है । एक सरकार बहुमत में नहीं आ पा रही है । अल्पमत की सरकार के कारण बहुदलों को मिलाना पड़ता है, जिस कारण से कोई भी निर्णय नहीं हो पाता है । बार-बार देश को चुनाव का सामना करना पड़ रहा है । इस चुनाव के खर्चे से करोड़ों का घाटा होता है । यही धन अगर मानव-कल्याण में लगे तो देश का हित होगा । भ्रष्ट नेताओं ने नेता शब्द की शोभा को ही बिगाड़ दिया है । राजनीति भ्रष्टाचार का पर्याय बनती चली जा रही है ।

**अथवा**

अखबारी हिन्दी की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

5. दी गई स्थितियों में से किसी **एक** का चित्रण कीजिए : 5

परीक्षा का भूत

**अथवा**

कॉलेज में आयोजित सांस्कृतिक संध्या

6. किसी **एक** विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए : 5

(i) पर्यावरण प्रदूषण ;

(ii) आजकल के फिल्मी गीत ;

(iii) मोबाइल होते लोग ।

7. (क) कोश का अर्थ स्पष्ट करते हुए, शब्द कोश के महत्त्व पर प्रकाश डालिए । **4**

(ख) शब्द कोश में प्रविष्टि के अनुसार निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : **4**

सामान्य, प्रस्तुत, जीवन, नदी, स्तुति, पेड़, भाषा, सागर, दिनेश, घर, आदर्श, गृह, विज्ञान, संपादन, विशेष, ज्ञान ।

8. (क) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार किन्हीं **तीन** वाक्यों का रूपांतरण कीजिए : **3**

(i) चोर सिपाही को देखकर भाग गया ।

(संयुक्त वाक्य)

(ii) अध्यापक ने पढ़ाकर प्रश्न पूछे ।

(संयुक्त वाक्य)

(iii) सूर्योदय हुआ और पक्षी बोलने लगे ।

(सरल वाक्य)

(iv) वह पुस्तक आपकी है ।

(प्रश्न वाचक)

(v) मुझे कार चलानी आती है ।

(निषेधात्मक)

(ख) किन्हीं **तीन** का वाच्य परिवर्तन कीजिए : **3**

(i) राकेश खाना खाता है । (कर्म वाच्य)

(ii) उससे अब गाया नहीं जाता । (कर्तृ वाच्य)

(iii) मोहन स्कूल जाता है । (भाव वाच्य)

(iv) राम सो नहीं पा रहा । (भाव वाच्य)

(ग) निम्नलिखित परिवर्णी के पूर्ण रूप लिखिए : 3

(i) लोस

(ii) जीपीओ

(iii) आईएसबीटी

(घ) विलोम शब्द लिखिए : 3

घृणा, हिंसा, धर्म, रात, सरल, मित्रता ।

(ङ) निम्नलिखित शब्दों के **दो-दो** पर्यायवाची लिखिए : 3

पुस्तक, घर, प्रकाश, सूर्य, समुद्र, आँख ।